16/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्र सरकार ने आज जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी की। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जनगणना के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 होगी, सिवाय केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले गैर-समकालिक क्षेत्रों के। इन क्षेत्रों के संबंध में संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर, 2026 होगी। यह जनगणना अपनी स्थापना के बाद से 16वीं राष्ट्रीय जनगणना और भारत की स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना होगी।

0000000000000000000000

भारत और साइप्रस ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में स्पष्ट रूप से निंदा की है और शांति और स्थिरता को कमजोर करने वाले हाइब्रिड खतरों का मुकाबला करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति **निकोस क्रिस्टो डौलिडेस** के बीच आज निकोसिया में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद जारी एक संयुक्त घोषणा में, दोनों देशों ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए एक व्यापक, समन्वित और निरंतर दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया।

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य राहत आयुक्तों से अगले 90 दिनों में प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने को कहा है।

आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा प्रतिक्रिया बलों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन योजना का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार आपदाओं से निपटने के लिए **जीरो कैजुअल्टी अप्रोच** के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के बिना आपदाओं से 100 फीसदी बचना संभव नहीं है।

0000000000000000000000

दोईमुख स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय, ने भारत के सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 13वां स्थान हासिल किया है और प्रतिष्ठित **भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क** (IIRF) 2025 में पूर्वोत्तर भारत में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह लगातार दूसरी बार है जब RGU ने पूर्वोत्तर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ, RGU ने अकादमिक उत्कृष्टता के केंद्र और क्षेत्र में उच्च शिक्षा में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में RGU को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इसका समर्पण अरुणाचल प्रदेश और पूरे पूर्वोत्तर के लिए उज्जवल भविष्य को आकार दे रहा है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि, बहुत कम समय में राज्य ने हवाई संपर्क के क्षेत्र में वह हासिल कर लिया है जो कभी असंभव लगता था। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज अरुणाचल में पूरे राज्य में निर्बाध हवाई संपर्क है।

उन्होंने कहा कि ग्रीनफील्ड दोन्यी पोलो एयरपोर्ट सभी मौसम में संचालन के साथ राज्य को राष्ट्रीय विमानन मानचित्र पर ला रहा है और व्यापार और लॉजिस्टिक को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि पासीघाट, तेजू और जीरो अब कमर्शियल उड़ानों से जुड़ गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में 8 ऑपरेशनल एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड हैं और चार अन्य प्रस्तावित हैं। श्री खांडू ने कहा, यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्र सरकार के अटूट समर्थन के कारण संभव हुआ है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 5 जिलों पाके केसांग, पापुम पारे, वेस्ट सियांग, अंजाव और तिराप के लिये ऑरेंज अलर्ट एवं ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, लोअर सुबनसिरी, कामले, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, लोहित, नामसाई, चांगलांग और लोंगदिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इस जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेझ बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में राज्य में वर्षा में वृद्धि का अनुमान भी व्यक्त किया है।

0000000000000000000000

ईटानगर राजधानी की परियोजना **सक्षम** पहल के तहत पहले बैच के दो छात्रों ने NEET 2025 क्वलिफ़ाइड किया है। पुलिस कर्मियों द्वारा बच्चों को मुफ़्त NEET कोचिंग प्रदान करने के लिए 2024 में प्रोजेक्ट सक्षम की शुरुआत की गई थी।

आज सक्षम 2.0 का शुभारंभ किया गया। 2026 की परीक्षा के लिए मुफ़्त NEET कोचिंग के लिए दस छात्रों का चयन किया जाएगा।

0000000000000000000000

रक्षा साइबर एजेंसी ने आज राष्ट्रीय स्तर पर साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक व्यापक साइबर सुरक्षा अभ्यास, साइबर सुरक्षा शुरू किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों और रक्षा क्षेत्रों के हितधारकों के सौ से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास को वास्तविक दुनिया के साइबर खतरों का अनुकरण करने, सुरक्षित प्रथाओं को सुदृढ़ करने और प्रतिभागियों के विश्लेषणात्मक और रक्षात्मक साइबर कौशल को उच्च गति वाले, गेमीफाइड वातावरण में परखने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

000000000000000

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने आज 2025 ICC महिला वनडे विश्व कप के पूरे कार्यक्रम की घोषणा की, जो 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

0000000000000000000000